आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

05.10.2023 समय : 1850

- क्यारी में आर्थिक सम्पन्नता और पारिस्थितिकी वहनीयता के लिए मसालों, खुशबूदार और चिकित्सीय पौधों पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की आज शुरूआत हुई।
- राष्ट्रीय राजमार्ग–चार के पैंतीस किलोमीटर सड़क मार्ग की ब्लैक टॉपिंग का कार्य अगले वर्ष मार्च तक पूरा करने की योजना है।
- पुलिस ने दो किलो से अधिक नशीले पदार्थ के साथ शादीपुर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।
- अंडमान निकोबार पुलिस ने सोशल मीडिया में चल रहे अग्निशमन सेवा में सब–इंस्पेक्टर के पद पर भर्ती से संबंधित दस्तावेज को फर्जी बताया है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आर्थिक सम्पन्नता और पारिस्थितिकी वहनीयता के लिए मसालों, खुशबूदार और चिकित्सीय पौधों पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की आज शुरूआत हुई। प्रशासन की आयुक्त व सचिव नन्दिनी पालीवाल ने इसका शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अनुसंधान का नतीजा तभी पूरा हो सकता है, जब नीति निर्माताओं द्वारा इसे लागू कर किसानों तक लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने सरकार द्वारा मसालों की पैदावार पर ध्यान केन्द्रित करने पर प्रकाश डालते हुए द्वीपों के किसानों के कल्याण और आर्थिक सम्पन्नता के लिए नए रास्तों की पहचान करने को कहा। क्यारी के निदेशक डॉ. ई.बी. चाकुरकर ने कहा कि इस सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञों के विचारों से प्रशासन को मसालों की खेती करने वाले किसानों की स्थिति में सुधार करने का अवसर मिलेगा। इससे पूर्व सम्माननीय अतिथि केरल के सुपारी और मसाला विकास निदेशालय के निदेशक डॉ. होमे चेरियन ने द्वीपों में मसालों की संभावनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान मैसूर के पूर्व प्रमुख डॉ. एम. माधव नायडू ने आर्थिक सम्पन्नता के लिए जड़ी–बूटी और मसालों के मूल्य संवर्धन पर जानकारी दी। इस अवसर पर कई अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य विशाल जॉली के पत्र के उत्तर में केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग चार के लगभग दो सौ उनतालीस किलोमीटर की ब्लैक टॉपिंग का कार्य पूरा हो गया है और पैंतीस किलोमीटर पर ब्लैक टॉपिंग का कार्य अगले वर्ष मार्च तक पूरा करने की योजना है। उन्होंने बताया कि एन.एच.आई.डी.सी.एल द्वारा मिडिल स्ट्रेट पुल के शेष कार्य के लिए नई निविदाएं आमंत्रित की गई है। नीलाम्बुर जेट्टी से रंगत तक के सत्तावन किलोमीटर सड़क मार्ग के कार्य के लिए भी निविदाएं मांगी जा रही है, ताकि इन कार्यों को नए ठेकेदारों के साथ दोबारा शुरू किया जा सके। इस बीच, सड़क को यातायात के चलने लायक बनाए रखने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। पैकेज तीन के तहत आने वाले लोरोजिक पुल में पड़े गड्ढों की मरम्मत की गई है। नई एजेंसी द्वारा इस चरण के तहत शेष कार्य शुरू करने पर एक बारह मीटर का नया पुल बनाने की भी योजना है। श्री गडकरी ने बताया कि मंत्रालय द्वारा एन.एच–चार के कार्य की निगरानी की जा रही है। उन्होंने आने वाले समय में कार्य शुरू होने पर राजमार्ग की स्थिति को बेहतर बनाने को लेकर आश्वस्त किया। श्री जॉली ने केन्द्रीय मंत्री के पत्र को साझा कर इस संबंध में जानकारी दी है।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय बैरागी ने शिक्षा विभाग में पिछले कई वर्षों से रिक्त पड़े प्राथमिक स्कूल शिक्षकों के पदों को भरे जाने का अनुरोध किया है। उप–राज्यपाल और मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में उम्मीदवारों के पत्रों का हवाला देते हुए श्री बैरागी ने उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए पदों को भरे जाने के लिए उचित कदम उठाने का आग्रह किया है, ताकि प्रतीक्षा कर रहे उम्मीदवारों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इस कार्य में विलम्ब होने से कुछ उम्मीदवारों की निर्धारित आयु सीमा भी पार हो जाएगी और उन्हें फिर अवसर उपलब्ध नहीं होगा।

<><><><><><><>

पुलिस ने कल शादीपुर से एक व्यक्ति को दो किलो से अधिक नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मोहम्मद पोर्ट ब्लेयर में आज मीडिया से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक सी.आई.डी राजीव रंजन ने बताया कि शबीब नामक एक व्यक्ति के पास से प्लास्टिक के बैग में रखे पार्सल से गांजा बरामद किया गया। आरोपी शादीपुर का निवासी है, जो स्पीड बोट चलाता है। एन.डी.पी.एस अधिनियम के तहत नशीले पदार्थ को ज़ब्त कर मामला दर्ज किया गया। आगे की पूछताछ जारी है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने सोशल मीडिया में चल रहे अग्निशमन सेवा में सब–इंस्पेक्टर के पद पर भर्ती से संबंधित दस्तावेज को फर्जी बताते हुए इस पर ध्यान न देने की अपील की है। पुलिस ने कहा कि शरारती तत्वों द्वारा एक जाली विज्ञप्ति के जरिए सब–इंस्पेक्टर के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची सोशल मीडिया पर अपलोड की गई है। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया कि ऐसी कोई प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं की गई है और सोशल मीडिया में घूम रहा यह दस्तावेज सिर्फ गुमराह करने की कोशिश है। इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। लोगों से कहा गया है कि वे पुलिस की ओर से जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करे।

<><><><><><><>

कन्यापुरम के राजकीय मिडिल स्कूल में विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए संसाधन कक्ष बनाया गया है। विम्बर्लीगंज की उप–शिक्षा अधिकारी संगीता चंद ने आज इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस इस संसाधन कक्ष के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह कक्ष बच्चों के विकास और शैक्षिक गतिविधियों के लिए उपयोग में लाया जाएगा। विशेष जरूरत वाले बच्चों के कौशल विकास पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। विम्बर्लीगंज के ब्लॉक संसाधन केन्द्र की ओर से यह कक्ष स्थापित किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित अन्य लोगों ने भी अपने विचार प्रकट किए।

<><><><><><><>

आयुष विभाग में अनुबंध के आधार पर जी.आर.एफ के पद पर भर्ती के लिए कल आयोजित होने वाले सीधे साक्षात्कार को प्रशासनिक कारणों के चलते स्थगित किया गया है। साक्षात्कार की अगली तिथि बाद में जारी की जाएगी।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग में पी.जी.टी, पी.ई.टी, लाइब्रेरियन ग्रेड–दो, क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर और पी.एस.आर.टी के पदों पर भर्ती के लिए चयनित उम्मीदवारों की अस्थाई योग्यता सूची विभाग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। उम्मीदवारों से अपने दस्तावेजों की जांच के लिए बारह अक्तूबर को टैगोर कॉलेज के सभागार में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

पर्यावरण और वन विभाग के रंगत वन संभाग मे गेटकीपर के पद के लिए आवेदन कर चुके योग्य और अयोग्य उम्मीदवारों की सूची विभाग और प्रशासन की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं। दावे और आपत्तियां तेरह अक्तूबर की शाम पांच बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। योग्य उम्मीदवारों को उनके पते पर प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। समय पर प्रवेश पत्र हासिल न होने की स्थिति में वे पच्चीस अक्तूबर तक वैध पहचान पत्र के साथ संभागीय वन अधिकारी मध्य अंडमान के कार्यालय से इसे प्राप्त कर सकते हैं। इस पद के लिए बकुलतला रेंज कार्यालय में तीस अक्तूबर को सुबह छः बजे से शारीरिक परीक्षा ली जाएगी।

उधर, मध्य अंडमान संभाग में मजदूर के एक सौ तैंतीस पदों पर भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मांगे जा रहे है। इस संबंध में और जानकारियां प्रशासन की भर्ती पोर्टल पर उपलब्ध है। सिर्फ ऑनलाइन मोड पर ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

<><><><><><><>